संख्याः-34/2024 /1607/78-1-2024-202/2023

प्रेषक,

अनिल कुमार सागर,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
ऊर्जा विभाग, औद्योगिक विकास विभाग एवं
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊः दिनांकः 04 अक्टूबर, 2024

विषयः- उत्तर प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0जनित सेवा (आईटी/आईटीईएस) क्षेत्र को "उद्योग" का दर्जा प्रदान किया जाना।

महोदय,

उत्तर प्रदेश सरकार आगामी 5 वर्षों में 1 ट्रिलियन अमेरिकन डॉलर की अर्थव्यवस्था अर्जित करने के मार्ग पर अग्रसर है तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0 जनित सेवा को एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

2. पिछले कुछ वर्षों में, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0जनित सेवा क्षेत्र उत्तर प्रदेश राज्य में एक उदीयमान क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है और उत्तर प्रदेश, उत्तर भारत के आईटी हब के रूप में जाना जाता है, जो देश में सॉफ्टवेयर निर्यात मे छठवें स्थान पर है। सूचना प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी/सू0प्रौ0 जनित सेवाओं से सम्बन्धित कार्य एवं सेवायें सम्मिलित हैं, जिनकी विस्तृत सूची **अनुलग्नक-1** पर संलग्न है।

3. अतएव सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0जनित सेवा क्षेत्र को तात्कालिक प्रभाव से "उद्योग" का दर्जा प्रदान करते हुए तद्नुसार सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0जनित सेवा (आईटी/आईटीईएस) क्षेत्र की कम्पनियों को निम्नानुसार सुविधाओं की अनुमन्यता प्रदान करते हैः-

(1) आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0जनित सेवा क्षेत्र की कम्पनियों को औद्योगिक दर पर उपलब्ध कराई जायेगी।

(2) सूचना प्रौद्योगिकी एवं सू0प्रौ0जनित सेवा क्षेत्र की नई/कार्यशील इकाइयॉं, जिनका न्यूनतम लोड 150 KW है, को औद्योगिक दरों पर विद्युत उपलब्ध कराई जायेगी।

4. कृपया उपरोक्त के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

अनिल कुमार सागर
प्रमुख सचिव

संख्याः- 34/2024 /1607(1)/78-1-2024-202/2023 एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. स्टॉफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निजी सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी/यूपीडेस्को/श्रीट्रान इण्डिया लि0/अपट्रान पावरट्रानिक्स लि0, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, यूपीपीसीएल, लखनऊ।
5. निदेशक, विद्युत सुरक्षा, लखनऊ।
6. समस्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 द्वारा प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
7. गोपन अनुभाग-1 को उनके पत्र संख्याः-4/2/9/2024-सी0एक्स(1), दिनांक 01-10-2024 के संदर्भ में।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
नेहा जैन
विशेष सचिव

अनुलग्नक–1

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अन्तर्गत आच्छादित कार्यक्षेत्र/सेवायें

(क) **सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग** के अन्तर्गत सम्मिलित हैं आईटी हार्डवेयर और आईटी/आईटीईएस इकाइयां/कम्पनियां, जहां आईटी इकाइयों/कम्पनियों में आईटी एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर तथा आईटी सेवायें शामिल हैं और आईटी जनित सेवाओं में बीपीओ/केपीओ/परामर्श/एनीमेशन/आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स/गेमिंग तथा अन्य ज्ञान–उद्योग इकाइयां शामिल हैं।

(ख) **सॉफ्टवेयर सेवाओं में निम्नलिखित सम्मिलित है:–** एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, मिडिलवेयर/फर्मवेयर, किसी कम्पोनेन्ट स्तर का विकास, डिजाइन और गुणवत्ता आश्वासन कार्य, सिस्टम एकीकरण कार्य/कम्पोनेन्ट, सॉफ्टवेयर में कोई स्थानीयकरण और एससीएम कार्य तथा विस्तार विकास (मुख्य सॉफ्टवेयर से इतर मॉड्यूल)

(ग) **"सूचना प्रौद्योगिकी"** को किसी भी ऐसी सेवा के रूप में पारिभाषित किया गया है जो मूल्यसंवर्द्धन को साकार करने के लिए आईटी उत्पादों की एक प्रणाली पर किसी भी आईटी सॉफ्टवेयर के उपयोग के परिणामस्वरूप होता है। सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं में शामिल हैं:–

- एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर
- इन्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर
- ई–मेल सर्विस प्रोवाइडर
- वर्ल्ड वाइड वेब सर्विस प्रोवाइडर
- ई–कॉमर्स और कन्टेण्ट डेवलपमेण्ट
- इलेक्ट्रानिक डाटा इन्टरचेन्ज (ई.डी.आई.) सेवायें
- वीडियो कान्फ्रेंसिंग
- वी–सैट, आईएसडीएन सेवायें
- इलेक्ट्रानिक डाटा सेन्टर कार्यकलाप

(घ) **"सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं"** में सम्मिलित है मेडिकल ट्रॉसकिप्शन, लीगल डाटाबेस प्रोसेसिंग, आईटी, एजूकेशन एण्ड लर्निंग, लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग, आईपीआर सर्विसेज, डिजिटल कन्टेन्ट डेवलपमेण्ट/ एनिमेशन, रिमोट मेन्टीनेन्स जैसे बिजनेस सेगमेण्ट की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए दूरसंचार नेटवर्क अथवा इन्टरनेट पर वितरित की जाने वाली प्रकियायें और सेवायें, बैक ऑफिस संचालन – लेखा/वित्तीय सेवायें, इलेक्ट्रॉनिक, चिकित्सा और स्वास्थ्य परामर्श, जैसे सूचना विज्ञान, डाटा प्रोसेसिंग तथा कॉल सेन्टर आदि। आईटीईएस में शामिल हैं, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं:–

- शोधन एवं विकास
- ई–कॉमर्स/डिजिटल मार्केटप्लेसेज/ऑनलाइन एग्रीगेटर्स
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेन्टर्स

- बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेण्ट
- कस्टमर इन्टरेक्शन सेवायें यथा कॉल/कान्टेक्ट सेन्टर तथा ईमेल हेल्प डेस्क्स
- इन्जीनियरिंग एण्ड डिजाइन
- बैक ऑफिस प्रोसेसिंग
- फाइनेन्स एण्ड एकाउन्टिंग (सुदूर से प्रदान)
- इन्श्योरेन्स क्लेम्स प्रोसेसिंग (सुदूर से प्रदान)
- मानस संसाधन सेवायें (सुदूर से प्रदान)
- वेब साइट विकास तथा अनुरक्षण सेवायें
- डाटा रिसर्च, इन्टीग्रेशन एण्ड एनालिसिस नेटवर्क कन्सल्टिंग एण्ड मैनेजमेण्ट
- रिमोट एजूकेशन
- एनीमेशन (सुदूर से प्रदान)
- गेमिंग
- मार्केट रिसर्च (सुदूर से प्रदान)
- ट्रॉसलेशन, ट्रांसक्रिप्शन तथा लोकलाइजेशन (सुदूर से प्रदान)
- निम्नलिखित के लिए कन्सल्टेन्सी (सुदूर से प्रदान)
    - आईटी सेक्टर
    - ई.आर.पी. –एन्टरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (यथा एसएपी, ओराकेल आदि)
    - सी.आर.एम. – कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेण्ट
    - एम.आर.एम. – मार्केटिंग रिसोर्स मैनेजमेण्ट
    - तकनीकी सहायता
    - बिजनेस सिस्टम एण्ड प्रोसेसेज
- डाटा प्रोसेसिंग,
- सिस्टम इन्टीग्रेशन एण्ड कस्टमाइजेशन
- सिस्टम अपग्रेडेशन सर्विसेज
- डिजाइनिंग सिस्टम्स
- कॉल सेन्टर्सः (1) वॉयस – इनबाउण्ड तथा आउटबाण्ड, दोनों (2) डाटा – इनबाउण्ड तथा आउटबाण्ड
- सॉफ्टवेयर एक्सटेन्शन डेवलपमेण्ट
- आईटी फेसिलिटीज मैनेजमेण्ट (सुदूर से प्रदान सहित)
- ऐसी अन्य सेवायें, जो समय–समय पर अधिसूचित की जायें।